प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 122/2019)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

इंटरऑपरेबल सेट टॉप बॉक्स पर परामर्श पत्र पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि को बढ़ाना

नई दिल्ली, 9 दिसंबर, 2019ः – भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने 11 नवंबर, 2019 को डिजिटल टीवी प्रसारण सेवाओं के लिए इंटरऑपरेबल सेट टॉप बॉक्स (एसटीबी) पर एक परामर्श पत्र जारी किया था । टिप्पणियां और प्रति–टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि क्रमशः 09 दिसंबर, 2019 और 23 दिसंबर, 2019 निर्धारित की गई थी।

2. हितधारकों ने डिजिटल टीवी प्रसारण सेवाओं के लिए इंटरऑपरेबल सेट टॉप बॉक्स (एसटीबी) पर टिप्पणियां भेजने की समयसीमा को बढ़ाए जाने का अनुरोध किया है। उनके अनुरोध पर टिप्पणियां और प्रति–टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर क्रमशः 18 दिसंबर, 2019 और 30 दिसंबर, 2019 की गई है। इसके बाद, टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समयसीमा को और बढ़ाए जाने के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. टिप्पणियां व प्रति–टिप्पणियां अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बीएंडसीएस), भादूविप्रा को ईमेलः– advbcs-2@trai.gov.in या jadvisor-bcs@trai.gov.in पर भेजें।

4. किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बीएंडसीएस) से टेलीफोन नंबर +91-11-23237922 या फैक्सः +91-11- 23220442 द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

(यू. के. श्रीवास्तव)
सचिव (आई/सी), भादूविप्रा

अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।